EX.CAPT.RAJENDRA PRASAD PACHAURY

EDUCATION

Graduate

FATHER NAME

Bhudev Prasad

[Company Name]
Komalika Farmer Producer com.ltd
Chairman
Rajendra Prasad Pachaury

ADDRESS

Drona Physical training sainik academy old Mathura By pass Nada Chaurah Near Vivekanand Eng. Collage Aligarh 202001 U.P.

CONTACT

PHONE:
8279735713

WEBSITE:
Komalikafarmerproducer.com.in

EMAIL:
komalikafpc@gmail.com

ADHAR CARD

548755877723

komalika Farmer Producer Company Limited, incorporated on 11 July 2018, has the distinction of being the first position in Uttar Pradesh in the last 5 years in Drone Physical Training Sainik Academy Nada Crossroads Near Vivekananda Engineering College Aligarh.The company has been honored twice by the Chief Minister of Uttar Pradesh, Shri Yogi Adityanath. The company has its own seed plant which has been supplying seed seeds to the farmers of Uttar Pradesh, the farmers of Madhya Pradesh and the farmers of Bihar for the last 3 years. This year, 250 Quintal wheat seeds have been purchased by Uttar Pradesh Seed Development Corporation. Komalika Farmer Producer Company Limited has also been honored twice by Chandrashekhar Azad University, Kanpur and the company is also making millet products and selling them in the market. The company has millet snacks. , Millet Khichdi etc. have items like Roasted Jowar, Roasted Wonder Nine, Roasted Mix Millet, Roasted Tangy Millets, Roasted Mini Queen, Roasted Bajra.

ई–मार्केट में समृद्धि की राह पर श्रीअन्न

पहली बार उतारे श्रीअन्न से बने उत्पाद, किसानों को मिलता अधिक भाव

जागरण विशेष

लोकेश शर्मा ● अलीगढ़

फसल बेचने के लिए मंडियों पर निर्भर रहे किसानों ने अब ई-मार्केट की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। शुरुआत श्रीअन्न से की गई है। श्रीअन्न से तैयार उत्पाद ई-मार्केट में उतारे हैं। कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) कोमोलिका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा प्रसंस्करण कर तैयार सात प्रकार के उत्पाद सरकार के 'माय स्टोर एप' पर नजर आ रहे हैं। एफपीओ से जुड़े 1500 किसानों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। फसल उत्पाद पर किसानों को 25 से 30 प्रतिशत अधिक मूल्य मिलता है।

जनपद में अधिकतर किसान धान, गेहूं और आलू की खेती पर निर्भर हैं। धान में बासमती अधिक होता है, जो दिल्ली व हरियाणा की मंडी के माध्यम प्रसंस्करण के बाद निर्यात किया जाता है। ई-मार्केट में कोई फसल उत्पाद नहीं उतारा गया था। यह पहली बार है, जब किसानों की फसलों से तैयार उत्पाद ई-मार्केट में उतारा गया है। एफपीओ ने इसी साल दक्षिणी अमेरिका के गुयाना देश में आलू भेजकर निर्यात क्षेत्र में कदम रखा था। निर्यात के लिए एफपीओ को डायरेक्टर जनरल आफ फारेन ट्रेड (डीजीएफटी) व एग्रीकल्चर एंड प्रोसीड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथारिटी (एपीडा) से लाइसेंस मिल चुका है। अब ई-मार्केट में धाक जमाने की तैयारी है। किसानों को ई-मार्केट की सुविधा देने के लिए सरकार द्वारा लांच 'माय स्टोर एप' पर एफपीओ द्वारा श्रीअन्न से तैयार किए गए सात उत्पाद हैं। एफपीओ के निदेशक आरपी पचौरी बताते हैं कि 2500 रुपये कुंतल खरीदे गए बाजरा से बना उत्पाद ई-मार्केट में 55,000 रुपये की दर से बिकता है। मुनाफा किसानों को दिया जाता है। श्रीअन्न के उत्पाद बेचकर कंपनी को इसी साल 25 लाख रुपये का मुनाफा हुआ, जो किसानों के खाते में डाला गया।

माय स्टोर एप पर एफपीओ द्वारा श्रीअन्न से तैयार उत्पाद ● सौ. इंटरनेट मीडिया

स्वाद के साथ स्वास्थ्य भी

श्रीअन्न से तैयार उत्पाद स्वाद के साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखते हैं। उप कृषि निदेशक यशराज बताते हैं कि श्रीअन्न को सुपरफूड कहा जाता है। इसका सेवन किसी भी रूप में किया जाए, लाभ ही मिलता है। इनमें आयरन, कैल्शियम, फाइबर, मैंगनीज, फास्फोरस, मैग्नीशियम, विटामिन, खनिज आदि पोषक तत्व होते हैं। कैलोरी कम होती है और प्रोटीन अधिक।

ई–मार्केट में उतारे गए उत्पाद

कोमोलिका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा श्रीअन्न से तैयार उत्पादों में रोस्टेड मिनी विवन पफ्स, रोस्टेड ज्वार पफ्स, रोस्टेड मिलेट्स मिक्स, पर्ल मिक्स, बाजरा वंडर नाइन नमकीन, टेंगी मिलेट्स सहित सात उत्पाद हैं। डिमांड के अनुसार इन्हें ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाता है।

मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

लखनऊ में पिछले माह आयोजित श्रीअन्न महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एफपीओ को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया था। चार लाख रुपये सीड मनी भी दी थी।